FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 15)

अज अदालत संभागीय आयुक्त, उदयपुर (राज0)

श्री चुनाराम भील	बनाम	श्री रताराम भील व अन्य

किस्म मुकदमा अपील संख्या–**38/2019** (**RCMS/2017/00050**)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	
29.09.2020	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलान्ट उपस्थित। दिनांक 28.09.2020 को अधिवक्ता अपीलार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत कार्यवाही/अपील विड्रो फरमाये जाने का पेश कर निवेदन किया कि उक्त प्रकरण में अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी के मध्य लोक अदालत की भावना से समझौता हो चुका है तथा दोनों ही पक्षकारान अब उक्त प्रकरण में आगे किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं चाहते है, ऐसी स्थिति में उक्त प्रकरण को इसी स्तर पर विड्रो किया जाना न्यायहित में नितान्त आवश्यक है, इसलिए उक्त प्रकरण/अपील को इसी स्तर पर विड्रो किए जाने का अनुरोध किया है। अधिवक्ता अपीलार्थी द्वारा पक्षकारों के मध्य राजीनामा होने से अपील इसी स्तर पर विड्रो किये जाने का निवेदन किया और वह अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। यहा अपीलार्थी/अधिवक्ता अपीलार्थी द्वारा न्यायालय हाजा को समाधानप्रद रूप से यह साबित कर दिया गया है कि समझौते के आधार पर पक्षकार हस्तगत अपील में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने हेतु स्वीकार किया जाता है। अपील अपीलार्थी इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।		